# राजस्थान करंट अफेयर्स 2026



Yesterday, Quiz:

## Q. हाल ही में किसके संस्थापक शिवरतन अग्रवाल 'फन्ना बाबू' का दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया है?

(A) बिकाजी

(B) बालाजी नमकीन

(C) कुबेर

(D) इनमें से कोई नही

- भारतीय स्नैक इंडस्ट्री के दिग्गज और Bikaji Foods International के संस्थापक शिवरतन अग्रवाल 'फन्ना बाबू' का दिल का दौरा पड़ने से गुरुवार सुबह चेन्नई में निधन हो गया. वे 74 वर्ष के थे.
- शिवरतन अग्रवाल की कामयाबी की कहानी किसी मिसाल से कम नहीं है. वे प्रसिद्ध व्यवसायी हल्दीराम के पोते थे, लेकिन उन्होंने परिवार की बनी-बनाई विरासत के बजाय अपना नया रास्ता चुना. 1993 में उन्होंने बीकानेर में 'शिवदीप फूड्स' की शुरुआत की और बाद में 'बिकाजी' ब्रांड लॉन्च किया.
- उन्होंने इस ब्रांड का नाम बीकानेर के संस्थापक 'राव बीका' के नाम पर रखा. आज बिकाजी न केवल भारत बल्कि अमेरिका, यूरोप और खाड़ी देशों समेत दुनिया के कई कोनों में बीकानेरी स्वाद का पर्याय बन चुका है

**Yesterday Revision**

01. तीरंदाज रजत चौहान को राजस्थान के पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा द्वारा डीजीपी प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया है।

02. राजस्थान सरकार द्वारा अनुकंपा नियुक्ति के दायरे में अब परिवार की 'पुत्रवधू' (बहु) नए सदस्य को शामिल किया गया है।

03. हाल ही में राजस्थान में राष्ट्रीय कृषि बाजार (ई-नाम) प्लेटफॉर्म पर 173 मंडियों को जोड़ा गया है

04. राजस्थान में 24 अप्रैल को मुख्यमंत्री कार्यालय में 'राज उन्नति' की चौथी बैठक आयोजित की गई

05 राजस्थान में सिविल सेवा दिवस 2026 के अवसर पर जयपुर में आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने बेहतर कार्य करने वाले अधिकारियों को "सीएम एक्सीलेंस अवॉर्ड" से सम्मानित किया.

**01. निम्न कथनों पर विचार कीजिए:**

(A) 'पीएम-कुसुम योजना के तहत राजस्थान में सौर ऊर्जा संयंत्रों की कुल क्षमता 4,000 मेगावाट पहुंच गई है

(B) कुसुम कम्पोनेंट-C में राजस्थान गुजरात और महाराष्ट्र के बाद तृतीय स्थान पर है।

**सही विकल्प चुनिए:**

(A) दोनों सत्य हैं (B) केवल A सत्य है

(C) केवल B सत्य है (D) दोनों असत्य हैं

**Important Facts:**

- ‘पीएम-कुसुम योजना : राजस्थान की उपलब्धि
- पीएम-कुसुम योजना के तहत मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान में सौर ऊर्जा संयंत्रों की कुल क्षमता 4,000 मेगावाट पहुंची।
  - प्रदेश में कुल 1,808 सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित किए जा चुके हैं।
  - पूर्व में 122 मेगावाट क्षमता के 92 प्लांट थे, जो अब बढ़कर 4,000 मेगावाट हो गए।
- कुसुम कम्पोनेंट-A में राजस्थान देश में प्रथम स्थान पर है।
- कुसुम कम्पोनेंट-C में राजस्थान गुजरात और महाराष्ट्र के बाद तृतीय स्थान पर है।
  - योजना के तहत 2.62 लाख किसानों को दिन में बिजली उपलब्ध हो रही है।

02. निम्न कथनों पर विचार कीजिए—

(1) पन्नाधाय सुरक्षा एवं सम्मान केंद्र योजना राजस्थान में संचालित की जा रही है

(B) यह योजना राजस्थान के महिला अधिकारिता विभाग (WCD) के अधीन संचालित की जाती है।

सही विकल्प चुनें

(A) कथन 1 और 2 सत्य हैं (B) केवल कथन 1 सत्य हैं

(C) केवल कथन 2 सत्य हैं। (D) सभी कथन असत्य हैं

**Important Facts:**

- ,राजस्थान सरकार द्वारा संचालित पन्नाधाय सुरक्षा एवं सम्मान केंद्र योजना जिला स्तर पर काम कर रही है।
- यह योजना महिलाओं और बालिकाओं की मानसिक, शारीरिक, आर्थिक व सामाजिक समस्याओं के समाधान हेतु एक ही स्थान पर विधिक, सामाजिक और मनोवैज्ञानिक परामर्श प्रदान करती है
- इसका उद्देश्य महिलाओं को आत्मरक्षा, कानूनी अधिकारों और विभिन्न सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक करना है
- यह योजना राजस्थान के महिला अधिकारिता विभाग (WCD) के अधीन संचालित की जाती है।

03. जयपुर डेयरी) द्वारा रीको के बिचून औद्योगिक क्षेत्र में कितने करोड़ रुपए की लागत से अत्याधुनिक डेयरी प्लांट स्थापित किया जाएगा?

(A) 440 करोड़ रुपये

(B) 340 करोड़ रुपये

(C) 540 करोड़ रुपये

(D) इनमें से कोई नही

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

- राजस्थान में डेयरी सेक्टर को मजबूती देने की दिशा में जयपुर जिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लिमिटेड (जयपुर डेयरी) द्वारा रीको के बिचून औद्योगिक क्षेत्र में अत्याधुनिक डेयरी प्लांट स्थापित किया जाएगा।
- यह महत्वाकांक्षी परियोजना 'राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इनवेस्टमेंट समिट' के तहत किए गए एमओयू का परिणाम है। करीब 540 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाला यह प्लांट वर्ष 2029 तक उत्पादन शुरू करेगा।
- प्रस्तावित प्लांट में दूध प्रोसेसिंग, पैकेजिंग के लिए पॉलीफिल्म निर्माण और बटर स्टोरेज जैसी आधुनिक सुविधाएं विकसित की जाएंगी।

**04. निम्न कथनों पर विचार कीजिए:**

(1) राज्य सरकार ने 8 नए जिलों में SC/ST कार्यालय और मानव तस्करी विरोधी यूनिट्स के गठन को मंजूरी दे दी है।

(2) कार्यालयों में डिप्टी एसपी और मानव तस्करी विरोधी यूनिट्स में पुलिस निरीक्षक स्तर के अधिकारी प्रभारी होंगे

**सही कथन चुनिए:**

(A) केवल कथन 2 सत्य हैं (B) केवल कथन 1 सत्य हैं

(C) कथन 1 व 2 सत्य हैं. (D) सभी कथन असत्य हैं

**Important Facts:**

- राजस्थान सरकार ने 8 नए जिलों में SC/ST कार्यालय और मानव तस्करी विरोधी यूनिट्स के गठन को मंजूरी दे दी है।
- इनके लिए 128 नए पद सृजित किए गए हैं। SC/ST कार्यालयों में डिप्टी एसपी और मानव तस्करी विरोधी यूनिट्स में पुलिस निरीक्षक स्तर के अधिकारी प्रभारी होंगे। वाहन व अन्य कार्यों के लिए 191.84 लाख रुपए भी स्वीकृत किए गए हैं।
- गृह विभाग के अनुसार वर्ष 2026-27 के बजट प्रावधानों के तहत ब्यावर, डीडवाना-कुचामन, डीग, कोटपूतली-बहरोड़, बालोतरा, सलूंबर, फलोदी और खैरथल में ये इकाइयां स्थापित होंगी। सरकार का मानना है कि इससे नए जिलों में कानून-व्यवस्था मजबूत होगी

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**05. सांसद आदर्श ग्राम योजना में देशभर में राजस्थान का कौनसा गांव सर्वश्रेष्ठ गांवों की सूची में 380वें स्थान पर है।**

**(A) रोजडी**

**(B) पोसाना**

**(C) खुड़ी**

**(D) इनमें से कोई नही**

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

- सांसद आदर्श ग्राम योजना में देशभर के ऐसे 1000 गांवों की सूची में राजस्थान सर्वश्रेष्ठ गांवों की सूची में राजस्थान का पहला गांव रोजडी श्रीगंगानगर 380वें स्थान पर है। हालांकि राजस्थान के गांवों में यह पहले स्थान पर है।
- जबकि योजना के तहत पहले फेज में यहां के 80 और दूसरे फेज में 76 गांवों को इसमें शामिल किया गया था। इन गांवों में कराए गए विकास कार्यों के आधार पर रैंक तय की गई है।
- 80 से ज्यादा स्कोर वाले गांवों को ग्रीन श्रेणी में रखा गया है। मगर राजस्थान का एक भी गांव इसमें शामिल नहीं है। यहां का पहला गांव 63 के स्कोर तक पहुंच पाया।
- इस श्रेणी में 3 गांव जगह बना पाए हैं। इनमें दो गांव रोजडी व 6वी धानूर श्रीगंगानगर जिले के व झुंझुनू का पोसाना गांव शामिल है।

जयपुर, शुक्रवार, 24 अप्रैल, 2026

## सुजस ई प्रश्नोत्तरी-64

1. **अप्रैल** 2026 की रिपोर्ट के अनुसार, कुल रूफ टॉप सोलर इंस्टॉलेशन के मामले में राजस्थान देश में किस स्थान पर है?
(A) प्रथम
(B) द्वितीय
(C) तृतीय
(D) चतुर्थ

2. **प्रधानमंत्री** फसल बीमा योजना के दिशा-निर्देशों के अनुसार, फसल कटाई के उपरांत अधिकतम कितने दिनों तक प्राकृतिक आपदा से हुए नुकसान को बीमा कवर में शामिल किया जाता है?
(A) 7 दिन
(B) 30 दिन
(C) 21 दिन
(D) 14 दिन

3. **राज्य** में महिलाओं एवं बालिकाओं को मानसिक, आर्थिक और सामाजिक परामर्श प्रदान करने के लिए जिला मुख्यालयों पर किस नाम से केंद्रों का संचालन किया जा रहा है?
(A) अमृता सम्मान केंद्र
(B) शक्ति परामर्श केंद्र
(C) पन्नाधाय सुरक्षा एवं सम्मान केंद्र
(D) हाड़ी रानी सुरक्षा केंद्र

4. **राजस्थान** में आम नागरिकों के लिए 'स्व-गणना' की सुविधा किस अवधि के दौरान वेब पोर्टल पर उपलब्ध रहेगी?
(A) 1 मई से 15 मई 2026
(B) 16 मई से 14 जून 2026
(C) 1 अप्रैल से 30 अप्रैल 2026
(D) पूरे वर्ष 2026

5. **पंच** गौरव योजना में 'एक जिला - एक खेल' के तहत झुंझुनूं जिले का खेल कौन सा है?
(A) एथलेटिक्स
(B) बास्केटबॉल
(C) तीरंदाजी
(D) हॉकी

**Today, Quiz:**

**Q. हाल ही में राजस्थान में सिविल सेवा दिवस 2026 के अवसर पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा किस पुरस्कार से बेहतर कार्य करने वाले अधिकारियों को नवाजा गया?**

(A) सीएम एक्सीलेंस अवॉर्ड

(B) लोक सेवा पुरस्कार

(C) राज सेवा अवॉर्ड

(D) इनमें से कोई नही

Today for tomorrow

GK Search Engine

SUBSCRIBE NOW

PRESS BELL ICON

Like

Share

FOLLOW ON INSTAGRAM

FOLLOW ON FACEBOOK

JOIN US ON TELEGRAM

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine